आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.09.2024/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से साझा करेंगे विचार।
- प्रदेश के कर्मचारियों को एक अक्तूबर को मिलेगा सितम्बर माह का वेतन जबकि 9 अक्तूबर को होगा पैंशन का भुगतान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पूर्व सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों व योजनाओं को बंद करने पर घेरा राज्य सरकार को।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप केंद्र सरकार ने जनहित से जुड़ी विभिन्न 66 परियोजनाओं को एफ.सी.ए क्लीयरेंस प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा प्रदेश सरकार ने केंद्र से 77 सैद्धांतिक स्वीकृतियां भी सुनिश्चित की हैं जिनमें शोंगटोंग, थाना पलाऊं विद्युत परियोजना, शैक्षणिक संस्थान, हेलीपोर्ट, पेयजल आपूर्ति और सड़क अधोसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने एफ.सी.ए और एफ.आर.ए मामलों की निगरानी के लिए उपायुक्तों, मंडलीय वन अधिकरियों और अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 70 फीसदी वन क्षेत्र है और जनहित परियोजनाओं के लिए वन भूमि बेहद अनिवार्य है। इसलिए इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस प्राप्त करना राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

जेल भरो आंदोलन

राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में मस्जिद में हुए अवैध निर्माण के विरोध में जगह–जगह पर धरने प्रदर्शन कर सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शिमला सहित प्रदेश के हर जिले में प्रदर्शन किए गए। शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर हिन्दू संगठनों ने केन्द्र सरकार से वक्फ बोर्ड को समाप्त करने और हिमाचल में बन रही अवैध मस्जिदों व मजारों के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की और उपायुक्त को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। देवभूमि संघर्ष समिति ने वाम दलों के शिमला फॉर पीस एंड हार्मनी बैनर तले आयोजित किए गए शांति व सद्भावना मार्च पर भी सवाल उठाए। शिमला नगर निगम की रेवेन्यू कोर्ट में मस्जिद की अवैध मंजिलों को लेकर सुनवाई अब 5 अक्टूबर को होनी है ऐसे में हिन्दू संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि उस दिन मस्जिद गिराने का फैसला नही हुआ तो जेल भरो आन्दोलन शुरु होगा।

कार्निवाल

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने आज धर्मशाला के पुलिस मैदान में कांगड़ा वैली कार्निवाल का शुभारंभ किया। इस दौरान निकाली गई शोभा यात्रा में स्थानीय सांस्कृतिक दलों ने गीत–संगीत और पारंपरिक नृत्य को दर्शाती हुई मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कृषि मंत्री ने पुलिस मैदान में कार्निवाल के तहत कृषि विभाग द्वारा लगाए गए न्यूट्री–सीरियल फूड फेस्टिवल और विभिन्न विभागीय प्रदर्शनियों सहित क्राफ्ट बाजार 'कारु क्रमा' का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर चंद्र कुमार ने कहा कि कृषकों के साथ–साथ आम लोगों का रूझान भी मोटे अनाज के प्रति बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कार्निवाल में जिन स्वयं सहायता समूहों ने न्यूट्री–सीरियल फूड फेस्टिवल के तहत स्टॉल लगाए हैं, उन्हें विभाग द्वारा पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस न्यूट्री–सीरियल फूड फेस्टिवल का उद्देश्य आम लोगों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक करना और इसे अपने प्रतिदिन आहार में शामिल करना है। कृषि मंत्री ने कहा कि सम्पूर्ण पोषण और बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज का सेवन बहुत जरूरी है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा के साथ–साथ खेलों का भी बहुत महत्व है। किन्नौर जिला के कल्पा में आयोजित अंडर–19 खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिले के 42 स्कूलों के 5 सौ 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जगत सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेल को अपने जीवन में शामिल करने का आह्वान किया ताकि एक स्वस्थ समाज व सशक्त देश का निर्माण हो सके। राजस्व मंत्री ने कहा कि जिले के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए मिनी स्टेडियम कल्पा में 28 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य खेल स्टेडियम बनाया जाएगा जिसमें एथलेटिक ट्रैक, हॉकी व अन्य इंडोर खेलों की सुविधा उपलब्ध होगी।

वेतन

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को सितम्बर माह का वेतन एक अक्तूबर और पेंशन का भुगतान 9 अक्तूबर को किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि वित्त विभाग द्वारा सरकारी कोषागार में होने वाले 'नकदी के प्रवाह' की समीक्षा करने के बाद ये निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि पिछले माह प्रदेश के कर्मचारियों को वेतन 5 सितंबर व पेंशनरों को 10 सितम्बर को पेंशन का भुगतान किया गया था।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूर्व सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों और योजनाओं को बंद करने का काम कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि संस्थानों को बंद करने की कड़ी में अब थुनाग औद्यानिकी व वानिकी कॉलेज को भी बंद किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा कॉलेज के निर्माण के लिए दी गई 10 करोड़ रुपए की राशि भी सुक्खू सरकार ने वापस मंगवा ली। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस कॉलेज से तीन–तीन सत्र पास हो चुके हैं, अब उस कॉलेज को बंद करने की साजिश करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये सरकार इतिहास में स्कूल, अस्पताल, कॉलेज बंद करने और विकास के काम रोकने व शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने के लिए जानी जाएगी।

राजेश धर्माणी

राज्य सरकार युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर तैयार करने के उद्देश्य से बाजार मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने पर बल दे रही है। ये बात तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मंडी के विजय मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन बड़सू में 19वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि अध्यापक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धर्माणी ने कहा कि तकनीकी महाविद्यालयों में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ड्रोन टैक्नोलॉजी सहित अन्य आधुनिक व भविष्योन्मुखी कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

भी किया। इस बीच राजेश धर्माणी ने मंडी के सेरीमंच में आयोजित सुरक्षित हिमाचल सड़क सुरक्षा जागृति रैली के समापन समारोह की अध्यक्षता भी की।

आर.एस. बाली

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस बाली ने कहा है कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्प है। कांगड़ा ज़िला के नगरोटा–बगवां में आज महिला व बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। बाली ने कहा कि कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए ज़िले में मिशन भरपूर कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसमें कुपोषित बच्चों को पोषाहार किट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विधवा व एकल नारियों के उत्थान के लिए आवास योजना लागू की है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को घर के निर्माण के लिए डेढ़ लाख के अनुदान का प्रावधान किया गया है।

तबादला

चंबा ज़िला में जनजातीय क्षेत्र पांगी के मुख्यालय किलाड़ स्थित नागरिक अस्पताल से सर्जन चिकित्सक विशाल शर्मा का तबादला भरमौर किए जाने से स्थानीय जनता में रोष है। लोगों ने मुख्यमंत्री से चिकित्सक का तबादला तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग की है। इस संबंध में विकास खंड पांगी की ग्राम पंचायत सेचू नाले के वार्ड नम्बर–4 की वार्ड पंच माघी शर्मा व स्थानीय लोगों ने आवासीय आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा है। माघी शर्मा ने जनहित को देखते हुए चिकित्सक का स्थानांतरण जल्द रद्द करने की सरकार से मांग की है।

लारजी बांध

लारजी पावर स्टेशन के लारजी स्थित बांध में एकत्रित गाद की निकासी के लिए कल 29 सितम्बर को सुबह 6 बजे से 30 सितम्बर सुबह 6 बजे तक बांध से पानी छोड़ा जाएगा। अधिशासी अभियंता ने ब्यास नदी के किनारे रहने वाले लोगों व आम जनता से इस अवधि के दौरान नदी किनारे न जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान लारजी पावर स्टेशन में विद्युत उत्पादन पूरी तरह से बंद रहेगा।